|| ॐ साईं राम ||



When one wishes to cross the ocean, one must have faith in the navigator, similarly, to cross the samsaric ocean one must have faith in the Guru.


Year- 17 Issue- 48
Ghaziabad, Sunday,
26 April- 2026

26 April to
02 May- 2026

Page: 8

RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code: 101473
Editor: Manisha Bhargava
Mob.: 9871895198
Rate.: 2 Rupess

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in


# रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3012 और श्रोफ आई सेंटर के बीच समझौता, नेत्र सेवा को मिलेगा नया विस्तार

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**नई दिल्ली।** समाज सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने की दिशा में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3012 और श्रोफ आई सेंटर के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता जिला गवर्नर डॉ. अमिता मोहिंद्रू और कैप्टन डॉ. अनिल मोहिंद्रू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रोटरी और श्रोफ आई सेंटर दोनों ही समाज और मानवता की सेवा में अग्रणी संस्थान हैं और दोनों का इतिहास 100 वर्ष से अधिक पुराना है। ऐसे में यह सहयोग भविष्य में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।





कार्यक्रम में रोटरी के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें आदित्य सुराणा, रचना सिंह, श्वेता गुप्ता और निर्मेश सिंह शामिल रहे। साथ ही गौरव भार्गव के मार्गदर्शन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया। श्रोफ आई सेंटर की ओर से डॉ. साइरस श्रोफ, डॉ. डेंज़िल रोहित हैरिसन, पंकज गुलाटी और आशा भारद्वाज की टीम ने इस समझौते को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब केपिटल सिटी के सदस्यों की भी विशेष भागीदारी रही, जिनमें अध्यक्ष नरिंदर मोहिंद्रू, कोषाध्यक्ष गुरसिमरन सिंह और निदेशक हितेश भाटिया शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में बृजेश माथुर का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

इस अवसर पर एच. के. जग्गी, जो पिछले 25 वर्षों से श्रोफ आई सेंटर के विधिक सलाहकार हैं, भी मौजूद रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में गौरव जग्गी (डीडीजेड, जोन 3 एवं 4) ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझौता समाज के जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### रहम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त सहयोग से

# मातृ स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण हेतु पोषण आहार वितरण, पीएचसी करेड़ा में 60वां सेवा प्रोजेक्ट संपन्न

**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रहम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त सहयोग से साहिबाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करेड़ा में गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

अप्रैल 2025 से शुरू इस सेवा पहल के तहत प्रत्येक माह की 1, 8, 16 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन युक्त पोषण पूरक और जूस उपलब्ध कराया जाता है। इस पहल का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषण प्रदान करना तथा सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ गर्भावस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।


इस सेवा कार्य का संचालन रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें कई रोटरी क्लबों ने सक्रिय सहयोग दिया। इनमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम तथा रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल शामिल रहे।





यह कार्यक्रम इस श्रृंखला का 60वां सेवा प्रोजेक्ट रहा, जो सभी सहभागी संस्थाओं के सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व को दशार्ता है।

कार्यक्रम में प्रतीक भार्गव (पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर), विक्रम सिंह (रहम फाउंडेशन टीम), डॉ. विश्वकर्मा (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) तथा रविन्द्र सहित स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकीय और सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार यह सतत सेवा परियोजना गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषण सहायता प्रदान करने, सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रयास मातृ एवं शिशु कल्याण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

# Editorial

## Voting Milestones

The first phase of voting in West Bengal and the entire voting process in Tamil Nadu have concluded. It is an extremely encouraging sign and trend for democracy that new records have been established in both states, with voter turnouts of 92.72 percent and 85.14 percent, respectively. Nowadays, if voter turnout reaches even 60–70 percent, political parties and leaders breathe a sigh of relief. Commenting on the voting in Bengal this time around, Chief Election Commissioner Gyanesh Kumar revealed that this marks the highest voter turnout recorded in the country since independence; similarly, in Tamil Nadu, such a high level of voting has been witnessed for the first time since 1967. Clearly, all past records have been dwarfed, and decisive democratic participation has planted new milestones. These voting figures are also significant because the names of over 9.1 million voters in Bengal and over 5.7 million in Tamil Nadu had been struck off the rolls through a Special Intensive Revision (SIR) process. Even now, the voting rights of millions remain in limbo. The SIR process had instilled a sense of dread and fear; apprehensions were even being voiced that failure to cast a vote could ultimately result in the loss of one's citizenship! Let us clarify here that neither does the Constitution contain any such provision, nor does the country's law stipulate that citizenship can be revoked for the failure to cast a vote. Do not be misled or confused; there is absolutely no need to be afraid. Your Indian identity is not a handout; it is your birthright. Nevertheless, interpretations regarding this bumper voter turnout have already begun. Prime Minister Modi's "exit poll" claims suggest that the BJP has already crossed the 100-seat mark out of the 152 seats contested in the first phase. The BJP, however, has claimed a resounding victory in 125 seats. Chief Minister Mamata Banerjee, for her part, views this bumper voter turnout as a sign of her own victory. It would be best to leave the matter to rest until May 4th—the day the electoral mandate is made public. Some professional election pundits are currently engaged in offering "definitive analyses," asserting that the BJP is poised to win a total of 150–160 seats; consequently, they predict that Mamata's 15-year-old regime is on the verge of collapse, paving the way for the formation of a BJP government. Prime Minister Modi himself echoed this claim at a public rally, asserting that this time around, the Trinamool Congress would fail to even open its account—that is, win a single seat—in several districts.

**Manisha Bhargava**

# LAKR & Fairplex Break Ground at Knight Riders Cricket Ground in Pomona

### Civic leaders, global sports stakeholders, and community partners mark a major milestone for cricket infrastructure in the US





**Prateek Bhargava**

**Los Angeles.** Los Angeles Knight Riders (LAKR) & Fairplex celebrated the groundbreaking at the Knight Riders Cricket Ground in Pomona, LA County, California, marking a landmark moment for cricket in the United States and positioning Los Angeles as a key hub in the sport's rapid growth ahead of the 2028 Olympic Games.

The ceremony brought together civic leaders, global sports stakeholders, and community partners, underscoring the significance of the project as one of the first dedicated cricket venues in Southern California. The development follows LAKR's stadium announcement in March and will serve as the team's home base for the upcoming Major League Cricket (MLC) season.

The event featured a special video message from Mr. Shah Rukh Khan, co-owner of Knight Riders Sports, opening remarks by Venky Mysore, CEO of Knight Riders Sports, along with Walter Marquez, President and CEO of Fairplex; Other distinguished speakers included Tim Sandoval, Mayor of Pomona; Sanjog Gupta, CEO of the ICC; Eric Garcetti, former Mayor of Los Angeles and former U.S. Ambassador to India; Niccolò Campriani, Chief Brand and Communications Officer at LA28.

The Knight Riders Cricket Ground will become a long-term, world-class cricket infrastructure in the region. The venue is set to host seven matches, including LAKR's first three home fixtures of the 2026 MLC season from July 1–5, bringing elite T20 cricket and a high-energy fan experience to Los Angeles.

Shah Rukh Khan, renowned Indian actor, film producer and co-owner of Knight Riders Sports, said: "Today isn't just about breaking ground, but about beginning a dream - bringing cricket, the second most-watched sport in the world, into the heart of Los Angeles' sporting identity. Through our long-term partnership with Fairplex, we aim to create not just a cricket ground, but a space of energy, community, and belonging."

Venky Mysore, CEO of Knight Riders Sports, added: "This is a defining moment - not just for the Knight Riders, but for cricket in America. We see strong potential to grow the game and connect with the community in Southern California to lead this next phase of cricket's growth in the U.S."

This marks the beginning of a long-term vision to establish the Los Angeles Knight Riders Cricket Ground as the home of cricket in the USA, powered by world-class playing and training infrastructure.

# ISSO successfully hosts SCORE 2026, showcasing the immense potential in careers in sports

**Prateek Bhargava**



**Gurugram.** The International School Sports Organisation (ISSO) successfully hosted SCORE 2026: Reimagining Sports Career Opportunities, at Lancers International School, Gurugram, positioning sports as a powerful, multi-dimensional career ecosystem for the next generation. The event unfolded as a comprehensive platform for students, parents, and educators to understand how the sports industry is rapidly evolving beyond the playing field. The day began with registrations, welcome remarks, and a formal inauguration, followed by a keynote by Mr Remus D'Cruz, Global Head of Brand Strategy at Apollo Tyres. The Business of Sports panel, moderated by Ms Kala Anand, Director, Sports Advisory at KPMG India, brought together industry leaders including Mr Pablo Tachil of Salesforce, Mr Neel Shah of Dream Sports Foundation, Mr Gaurav Chaudhary and Mr Akbar Akhtar of the GMR Group. The discussions focused on how sports today integrates commerce, finance, media and entrepreneurship, making it a viable and scalable career path, while also emphasising that sports education is now essential in unlocking global opportunities. The Sports Science & Tech panel, also moderated by Ms Kala Anand, featured experts including Ms Megha Gambhir, CEO, Stupa Sports; Mr Abhigyan Shekhar, Founder & Captain, Zupotsu; Mr Mudit Krishnani, Sport Performance Psychologist at INSPA; Mr Kevin Sireau, Chief Coach of the India National Cycling Team; and Ms Aditi Chauhan, CEO, She Kicks Football Academy and former goalkeeper of the Indian National Football Team. The session explored performance psychology, innovation, and inclusivity, highlighting how science and technology are shaping the future of sport. Speaking about the initiative, Ms Aakanksha Thapak, Director of the International School Sports Organisation, said, "SCORE is an important step towards changing the way sports is perceived in India. For a long time, conversations around sports careers have been limited to becoming an athlete. Through SCORE, we are creating awareness around the larger ecosystem and helping students and parents understand that sport today offers structured, credible, and future-ready career opportunities across multiple domains."

# AM Green IGPL superstar Bhullar cards a bogey-free 67 for tied sixth as Kapur gets an ace in Singapore

**Prateek Bhargava**



**Singapore.** One of AM Green IGPL's biggest stars, Gaganjeet Bhullar, had a steady 4-under bogey-free round, which was the major feature of the Indian show at the Singapore Open. Also attracting attention was Shiv Kapur's terrific hole-in-one was the major talking point of the opening day for the Indian contingent here at the Singapore Open presented by The Business Times. The US$ 2 million International Series tournament saw Thailand's Ekpharit Wu and Japan's Jeongwoo Ham set the early pace during the first round, carding 7-under 64s at the par-71 Serapong course at Sentosa Golf Club. With his wife Pam on the bag, Wu shot a blemish-free round while Ham combined 8 birdies with a lone bogey to lead by 2. Searching for his 12th win on the Asian Tour, the 4-time IGPL winner, Bhullar started from the 10th tee in a sedate manner with pars on his first eight holes, making his first move with a birdie on the 18th, his 9th hole. He then added three more on his back nine at the 1st, 4th and 7th holes of the course to record a 4-under 67 for the Tied-6th position after the first round. Speaking after his round on an especially hot and humid day, Bhullar was very happy with the consistency he displayed today and said, "I played good golf today, I was in the game throughout the 18 holes." When asked about his plans over the next three days, the Indian star said, "I would love to continue the form and just multiply my belief for the next three rounds." On his approach towards tackling the fabled Sentosa Golf Club, Bhullar added, "You've got to be mentally strong. You've got to hit the ball so good, like from the tee, second shot, putting, your chipping, everything has to be spot on." However, it was Shiv Kapur who came up with the shot of the day with a hole-in-one on the par-3 second hole of the course.

# टैफिक पुलिस ने महिला पत्रकार का स्कूटी से गिरा बैग ढूंढकर सौंपा

## पत्रकार आशा चौधरी ने टीएसआई राजेश शर्मा, विवेक कुमार शर्मा व एचसी बंटी कुमार का जताया आभार



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रशंसनीय कार्य ट्रैफिक पुलिस ने सामान व मोबाइल सहित बैग ढूंढकर सौंपकर किया प्रशंसनीय कार्य महिला पत्रकार के बैग में मंहगा मोबाइल फोन सहित करीब पचास हजार का सामान व जरुरी दस्तावेज थे गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को अपनी यातायात व्यवस्थ को सफलता पूर्वक संभालने के साथ ही एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी के साथ-साथ नैतिक कर्तव्य का भी बहुत ही कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाया, जिसकी मीडिया जगत के साथ-साथ पुलिस महकमें में भी इन पुलिस अधिकारियों को जमकर प्रशंसा की जा रही है। हुआ यूं कि वरिष्ठ महिला पत्रकार आशा चौधरी गुरुवार को किसी आवश्यक कार्य से सदर विधायक संजीव शर्मा के आवास पर उनसे मिलने गयी थीं। वहां से लौटते समय इनका बैग रास्ते में स्कूटी से कहीं गिर गया। उन्हें बैग गिरने का पता नहीं चला सकता। जब आशा चौधरी आरकेजीआईटी कॉलेज पहुंची तो उन्होंने अचानक स्कूटी से अपना बैग गायब पाया।

इस पर उन्होंन तुरंत स्कूटी वापस घुमायी और बैग को तलाशे हुए पीछे की ओर चलने लगी। इस दौरान उन्होंने रास्ते में मिले सभी सभी ट्रैफिक पुलिस वालों को अवगत कराया कि स्कूटी से उनका कही बैग गिर गया है। फोन मं उनका एक महंगा फोन, कुछ जरुरी दस्तावेज और कुछ नकदी भी है। इसके साथ ही घर की चाबियां भी बैग में थी।

आशा चौधरी ने रास्ते में मिले सभी ट्रैफिक पुलिस वालों से अपना नंबर भी दे दिया, ताकि सड़क पर कहीं बैग मिलने पर उन्हें वापस किया जा सके। वरिष्ठ पत्रकार आशा चौधरी ने बताया कि जब वे अपने बैग की तलाश कर रही थीं तो इनके पास फोन आया कि नंदग्राम चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के सब इंसपेक्टर राजेश शर्मा, टीएसआई विवेक शर्मा और हेड कांस्टेबल बंटी कुमार का उनका बैग तलाश कर लिया है। वे आकार उसे ले जाएं।

इस पर वरिष्ठ पत्रकार आशा चौधरी नंदग्राम चौराहे पर पहुंची जहां ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के सब इंसपेक्टर राजेश शर्मा, टीएसआई विवेक शर्मा और हेड कांस्टेबल बंटी कुमार ने आशा चौधरी को उनका बैग पूरे सामान सहित. उनको लौटा दिया। इन ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के सराहनीय कार्य के लिए वरिष्ठ पत्रकार आशा चौधरी के चेहरे पर मुस्कान लौट आयी। उन्होंने इसके लिए सभी पुलिस अधिकारियों का आभार जताया।

आशा चौधरी ने कहा कि वे टीएसआई राजेश शर्मा और विवेक शर्मा, बंटी शर्मा की बहुत आभारी हैं, जिन्होंने एक जिम्मेदारी पुलिस अधिकारी होने से साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्व को भी बखूबी निभाया। उन्होने गाजियाबाद कमिश्नरेट के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस के कमिश्नर साहब का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# सिविल डिफेंस का पांच दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण सम्पन्न

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अपर जिलाधिकारी ( नगर )/उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा के निर्देशन में सहायक उपनियंत्रक नेम सिंह के नेतृत्व में इंग्राहम इण्टर कालेज में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों को आपदा के दौरान बचाव एवं राहत के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही अचानक हृदयाघात से पीड़ित व्यक्ति को सीपीआर की प्रक्रिया से कैसे बचाया जाए इसका अभ्यास भी कराया गया।



इस मौके पर कलेक्ट्रेट प्रभाग के डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार, कोतवाली प्रभाग के डिप्टी डिविजनल वार्डन रवि अग्रवाल, पोस्ट 8 के पोस्ट वार्डन प्रदीप बाली, पोस्ट 9 के डिप्टी पोस्ट वार्डन संजय खन्ना ने विशेष सहयोग किया।

इस मौके पर डिविजनल वार्डन सुधीर कुमार एवं कालेज के प्रधानाचार्य राजीव मैसी ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारी को अपने परिवार तथा अन्य मित्रों के साथ सांझा करें ताकि आपदा में फंसे लोगों की समय पर उचित मदद की जा सके।


# 'पिट्ट सियापा' नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में छाया फिल्म का अनोखा कॉन्सेप्ट

**प्रतीक भार्गव**

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिनेमा में एक बार फिर कुछ हटकर देखने को मिलने वाला है। आगामी कॉमेडी फिल्म 'पिट्ट सियापा' का टीजर रिलीज होते ही चर्चा में आ गया है। इसी कड़ी में फिल्म की प्रेस कॉन्फ्रेंस राजधानी के प्रतिष्ठित होटल द ललित नई दिल्लीमें आयोजित की गई, जहां मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री के लोगों की खास मौजूदगी रही।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिल्म की स्टार कास्ट सोनम बाजवा और परमवीर सिंह चीमाने हिस्सा लिया और फिल्म से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। सोनम बाजवा ने बताया कि फिल्म की कहानी बेहद अलग और दिलचस्प है, जो दर्शकों को हंसी के साथ-साथ इमोशन और ड्रामा का भी पूरा डोज देगी क्योंकि जल्दी ही गर्मी की छुट्टी है होने वाली है और गर्मी छुट्टी में एक ऐसी कॉमेडी फिल्म आनी जरूरी है जिसे पूरे परिवार के साथ बैठकर देखा जा सके। 'पिट्ट सियापा' पूरे परिवार के साथ देखने वाली कॉमेडी फिल्म है। वैसे भी मुझे कॉमेडी करना बहुत पसंद है। परमवीर सिंह चीमाने बताया कि सोनम बाजवा पंजाब की सुपरस्टार और उनके साथ मेरी फिल्म आ रही है इससे बड़ी बात क्या हो सकती है सोनम की एक्टिंग का मैं हमेशा से प्रशंसक रहा हूं मेरा सौभाग्य है की मेरी पहली पंजाबी फिल्म सोनम बाजवा के साथ आ रही है। फिल्म का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर चर्चा में है। 'पिट्ट सियापा' की कहानी एक अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है, जहां फ्यूनरल बिजनेस से शुरू होकर कहानी लव स्टोरी, कन्फ्यूजन और अनएक्सपेक्टेड ट्विस्ट्स तक पहुंचती है। यही अलग अंदाज इसे बाकी फिल्मों से खास बनाता है। फिल्म के निमार्ता पंकज गुप्ता, संदीप वासवानी, सूर्या गुप्ता, योगेश राहर और केवल गर्ग ने भी फिल्म को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह फिल्म कॉमेडी, इमोशन और ड्रामा का परफेक्ट मिश्रण है, जो हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगा। 'पिट्ट सियापा' एक हल्की-फुल्की लेकिन अलग कहानी वाली फिल्म है, जिसमें पंजाबी हास्य का जबरदस्त तड़का देखने को मिलेगा। खास बात यह भी है कि सोनम बाजवा इस फिल्म में एक बिल्कुल नए और अनदेखे किरदार में नजर आएंगी। यह फिल्म मूवी टनल प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित है। अब देखना दिलचस्प होगा कि अपने अनोखे कॉन्सेप्ट और दमदार कॉमेडी के साथ 'पिट्ट सियापा' बॉक्स ऑफिस पर कितना धमाल मचाती है।

# David Williamson Conducting Special Goalkeeping Camp for Indian Women's Hockey Team

## Camp underway from 22 April to 02 May 2026 at SAI, Bengaluru





**Prateek Bhargava**

**Bengaluru.** Hockey India today announced that a special goalkeeping camp for the Indian Women's Hockey Team is currently being held from 22nd April 2026 to 2nd May 2026 at the SAI, Bengaluru. The camp is conducted by David Williamson and overseen by the team's Chief Coach Sjoerd Marijne.

Savita, Bansari Solanki, Bichu Devi Kharibam and Madhuri Kindo are part of this special camp, which aims to further strengthen India's goalkeeping unit ahead of a crucial international calendar.

The camp is supported by Anandana, the Coca-Cola India Foundation, as they continue to contribute toward the development of women's hockey in India. They also supported the recently concluded 16th Hockey India Sub Junior Women's National Championship 2026.

David Williamson is a highly experienced hockey coach from Northern Ireland who has been part of the US Women's National Team coaching staff for a significant period. He also served as an assistant coach for Odisha Warriors in the Women's Hero Hockey India League (HIL) in 2025, bringing extensive international experience in goalkeeping development.

Sjoerd Marijne, Chief Coach of the Indian Women's Hockey Team, stated, "The goalkeepers did really well during the recent Argentina tour, showing strong performances against quality opposition. With crucial tournaments coming up from June onwards, this is a great time to have a focused training camp like this."

"We also have goalkeepers from the junior team train alongside the senior players. This exposure will be extremely valuable for their development and help prepare them for the transition to the senior level in the near future," he added.

Veteran Indian goalkeeper Savita stated, "It is always encouraging for us as players to see this kind of support coming into women's hockey. It is also a great opportunity for younger athletes coming through the system. When young girls see the kind of backing hockey is getting today, it gives them confidence and belief that they can go far. Support like this from Anandana, The Coca-Cola India Foundation, will definitely play an important role in growing women's hockey in the country."

Devyani Rana, Vice President, Public Affairs, Communications and Sustainability, Coca-Cola India and Southwest Asia stated, "Our partnership with Hockey India is rooted in a shared belief that investing in women's sport creates change that endures. When junior players train alongside seniors in a conducive environment, the impact reshapes their understanding of greater possibilities. Through Anandana, The Coca-Cola India Foundation, we are committed to being a meaningful part of that transformation for Indian women's hockey at the grassroots"

# "It will be hard for any team to face our batting line-up," says Chahal after Punjab Kings script history with the highest ever chase of 265 in TATA IPL





**Prateek Bhargava**

**Delhi.** Punjab Kings (PBKS) scripted history at the Arun Jaitley Stadium on saturday, chasing down a mammoth target of 265 to defeat Delhi Capitals (DC) by 6 wickets with 7 balls to spare. It was the highest successful chase in the history of the Tata Indian Premier League (IPL), breaking their own record of chasing 262 against the Kolkata Knight Riders in 2024.

The Kings were ferocious from ball one. Prabhsimran Singh set the tone with a stunning 76 off 26 deliveries at a strike rate of 292.3, while Priyansh Arya complemented him with a blistering 43 off 17 at 252.9. Together, they put on a powerplay for the ages, scoring 116 runs without loss in the first six overs and turning what appeared to be a daunting target into a statement pursuit.

After their dismissals, captain Shreyas Iyer took charge with a composed 71 off 36, guiding the side home with the assurance of a team that never doubted itself. The innings featured 20 fours and 20 sixes, with 200 runs coming from boundaries alone.

Reflecting on the start provided by the openers, spinner Yuzvendra Chahal said: "Prabhsimran and Priyansh gave us the momentum needed in the first 6 overs to chase such a big total. This helped our batters in the middle overs and put the bowlers under pressure. It will be hard for any team to face our batting line-up."

On the mindset in the dressing room before the chase, Chahal added: "We accepted the total and we were all feeling very positive before the innings. We know the quality we possess with the bat. It was a batting friendly wicket. We needed an excellent start if we wanted to chase this total, and we got just that and more from Prabhsimran and Priyansh. After the first 6 overs, we knew we were in the driving seat."

Chahal also pointed to the influence of Head Coach Ricky Ponting on Prabhsimran's development. "Ricky has had a massive influence on him. I've faced him in the nets and it is really difficult to bowl to him, especially in the powerplay because of his fearless batting. Before the innings, he was thinking: if they can score 264, why can't we do the same. The performances you see today are the result of the hard work he has put into his batting over the past few years. I am happy that he is on my team so that I don't have to bowl to him in a competitive setting." The 35-year-old spinner also spoke about the challenges of dealing with the impact sub rule and explained, "I can understand why dealing with the impact sub rule can be a bit challenging, but you simply have to adapt because that is what the tournament requires. This is the direction that the format is headed in and we have to find solutions because we cannot change it. Today, it was even more challenging than usual because of how small the ground is." The victory extends Punjab Kings' unbeaten streak to seven games. With 13 points from seven matches, they sit firmly at the top of the Tata IPL 2026 standings. The Kings will come back to the New International Cricket Stadium in New Chandigarh to take on Rajasthan Royals on April 28, 2026.

# कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर वृहद रोजगार मेले का किया शुभारंभ

## नई तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वैश्विक कौशल विकास पर विशेषज्ञों ने दिया विशेष जोर

**टीबीसी संवाददाता**






**गाजियाबाद।** जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय एवं एचआरआईटी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर, मोरटा, दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित कैंपस में वृहद रोजगार मेले का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा तथा एचआरआईटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनिल अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय तकनीकी क्रांति का दौर है और सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग तथा डिजिटल तकनीकों के तेजी से विकास के कारण युवाओं को अपने कौशल को समयानुकूल बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के युग में विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाएं, संस्कृतियां और तकनीकें आपस में जुड़ चुकी हैं, ऐसे में युवा विदेशी भाषाएं सीखकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनिल अग्रवाल ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी संभव है जब देश का युवा वर्ग रोजगारोन्मुख कौशल विकसित करे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक दक्षता और तकनीकी ज्ञान को भी अपनाएं, जिससे रोजगार के नए द्वार खुल सकें। जिला सेवायोजन अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत युवाओं को देश एवं विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में करियर आधारित रोजगार उपलब्ध कराना विभाग की प्रमुख प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को सीधे उद्योग जगत से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है, जिससे रोजगार के अवसरों का विस्तार हो सके। रोजगार मेले में तकनीकी और गैर तकनीकी क्षेत्रों से जुड़ी लगभग 80 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। इनमें हमदर्द, आईटीसी, प्रोपशॉप, डॉ. रेड्डी, शाही एक्सपोर्ट, टेक महिंद्रा, यामाहा इंडिया, सुब्रोस, श्रीराम रिंग्स एंड पिस्टन तथा मैकडोनल्ड सहित अन्य कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन किया।

इस वृहद रोजगार मेले में लगभग 2010 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से करीब 873 युवाओं को कंपनियों द्वारा शॉर्टलिस्ट अथवा चयनित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा 12 हजार रुपये प्रतिमाह से लेकर चार लाख रुपये वार्षिक पैकेज तक के रोजगार अवसर प्रदान किए गए, जिससे युवाओं में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सेवायोजन अधिकारी दिव्या त्रिपाठी एवं विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अंजुल अग्रवाल द्वारा किया गया। रोजगार मेले के आयोजन, अभ्यर्थियों के पंजीकरण, साक्षात्कार व्यवस्था तथा कंपनियों के समन्वय को जिला सेवायोजन कार्यालय एवं एचआरआईटी विश्वविद्यालय की टीम ने सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। रोजगार मेले के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर अपने करियर की संभावनाओं को मजबूत किया। विशेषज्ञों ने युवाओं को निरंतर कौशल विकास, तकनीकी दक्षता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी।

# बकरा ईद के अवसर पर देशभर में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रहः मनोज कुमार जैन

**प्रतीक भार्गव**

**नई दिल्ली।** निदेशक, भगवान महावीर देशना फाउंडेशन एवं निगम पार्षद (मनोनीत) श्री मनोज कुमार जैन ने केंद्रीय गृह मंत्री अे३ रँ को पत्र लिखकर आगामी बकरा ईद के अवसर पर पूरे देश में शांति, सद्भाव और विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का विनम्र अनुरोध किया है।

अपने पत्र में उन्होंने भारत की बहु-धार्मिक एवं बहु-सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे संवेदनशील अवसरों पर सभी समुदायों द्वारा आपसी सम्मान, सहिष्णुता और भाईचारे के साथ पर्व मनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भगवान महावीर के 'अहिंसा परमो धर्मः' और 'जीव दया ही सच्चा धर्म है' जैसे सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए सभी जीवों के प्रति करुणा एवं संवेदनशीलता बनाए रखने की अपील की। श्री जैन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यही भावना देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाती है।

उन्होंने गृह मंत्रालय से निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया हैः

सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी पर प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को असुविधा न हो और सभी समुदायों की भावनाओं का सम्मान बना रहे। कुबार्नी की प्रक्रिया के दौरान अन्य समुदायों की धार्मिक भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।



पशु अवशेषों के निस्तारण हेतु स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए एवं वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन सुनिश्चित हो। कुबार्नी से संबंधित फोटो/वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसार में संयम बरतने हेतु परामर्श जारी किया जाए, ताकि अनावश्यक विवाद या तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

श्री जैन ने विश्वास व्यक्त किया कि इन दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन से देशभर में नागरिक सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मना सकेंगे तथा भारत की भाईचारे की परंपरा और अधिक सुदृढ़ होगी।

उन्होंने गृह मंत्री से अनुरोध किया कि उक्त दिशा-निर्देश शीघ्र जारी कर सभी राज्य सरकारों एवं प्रशासनिक इकाइयों को इनके कड़ाई से पालन हेतु निर्देशित किया जाए।

# पासिंग आउट परेड से पहले गाजियाबाद पुलिस लाइन्स में उत्साह का माहौल, प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ हुआ सामूहिक भोज

**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद (टीबीसी)।** कमिश्नरेट गाजियाबाद के रिजर्व पुलिस लाइन्स में कुल 582 प्रशिक्षु आरक्षियों का 9 माह का आधारभूत प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 26 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित पासिंग आउट परेड से पहले शुक्रवार शाम एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सायं 7 बजे सभी प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ उच्च अधिकारियों द्वारा सामूहिक भोज आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्वयं प्रशिक्षुओं को भोजन परोसकर उन्हें पुलिस सेवा की परंपराओं, अनुशासन और सेवा भावना का व्यवहारिक अनुभव कराया।

कार्यक्रम में कमिश्नरेट गाजियाबाद तथा 41वीं वाहिनी पीएसी के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी श्रीमती प्रियाश्री पाल द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, नाटक, कविता पाठ और लोकगीत जैसी विधाओं ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुतियों के जरिए युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मकता साफ झलकती नजर आई।





सामूहिक भोज का उद्देश्य केवल सौहार्दपूर्ण वातावरण तैयार करना ही नहीं था, बल्कि प्रशिक्षुओं को पुलिस सेवा की गरिमा, अनुशासन और परंपराओं से भी जोड़ना रहा।

# 'रेल सुरक्षा सर्वोपरि': राज्य स्तरीय उच्चस्तरीय बैठक में आतंकी व पत्थरबाजी पर सख्त रणनीति

**लखनऊ।** रेलवे सुरक्षा, आतंकी गतिविधियों तथा ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में 'राज्य स्तरीय रेलवे सुरक्षा समिति' की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेलवे सुरक्षा से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। पुलिस महानिदेशक रेलवे, उत्तर प्रदेश श्री प्रकाश डी. द्वारा तकनीकी सुदृढ़ीकरण, ट्रेनों पर पत्थरबाजी की रोकथाम, ट्रैक अवरोध की घटनाओं पर नियंत्रण, जीआरपी एवं आरपीएफ की संयुक्त ट्रैक पेट्रोलिंग तथा इंफ्रास्ट्रक्चर विकास जैसे विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। गोष्ठी में यात्रियों की सुरक्षित एवं सुखद रेल यात्रा सुनिश्चित करने, अपराध नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।

# साइबर ठगी के 1.17 लाख रुपये पीड़ित को कराए वापस

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद के साइबर सेल थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है।

पुलिस टीम ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर ऑनलाइन ठगी में गंवाई गई कुल 1,17,400 रुपये की धनराशि वापस कराई। जानकारी के अनुसार, पीड़ित के साथ ऑनलाइन माध्यम से ठगी की घटना हुई थी, जिसकी शिकायत एनसीआरपी पोर्टल के जरिए दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होते ही साइबर सेल टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए संबंधित बैंक खातों को होल्ड कराया और आवश्यक प्रक्रिया शुरू की।

पुलिस के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप पूरी धनराशि को सुरक्षित कर 24 अप्रैल 2026 को पीड़ित को वापस दिला दिया गया। अपनी रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने थाना ट्रॉनिका सिटी पहुंचकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई संभव हो सके।

# जिलाधिकारी व एड.सीपी ने किया होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों का निरीक्षण

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा व जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर की जायेगी सख्त कार्यवाही: जिलाधिकारी

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा: सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त, अराजक तत्वों पर कड़ी नजर: एड.सीपी केशव कुमार चौधरी

**टीबीसी संवाददाता**





**गाजियाबाद।** जनपद गाजियाबाद में प्रस्तावित होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2026 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में उन्होंने सेठ मुकंद लाल इंटर कॉलेज व एमबी.गर्ल्स इंटर कॉलेज (नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, चन्द्रपुरी) परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि जनपद के कुल 20 परीक्षा केंद्रों पर यह भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 46,000 अभ्यर्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। परीक्षा का आयोजन दिनांक 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रतिदिन दो पालियों (प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक) में किया जाएगा।

परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, वेंटिलेशन, स्वच्छता, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने हेतु एडीएम एवं एसडीएम स्तर के अधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि परीक्षाओं को नकलविहीन सुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जाएं, कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि कंट्रोल रूम/स्ट्रांग रूम की स्थापना कर दी गई है तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरें स्थापित किए गए हैं। एड.सीपी केशव कुमार चौधरी ने जानकारी दी कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस द्वारा पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कराया जा चुका है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा अभ्यर्थियों के आवागमन मार्गों पर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी सतत निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार से परीक्षा प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बताते चलें कि एम.बी.गर्ल्स इंटर कॉलेज में भारत की जनगणना–2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु 03 दिवसीय सुपरवाइजर/प्रगणक का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है जो कि प्रथम बैच 22 से 24 अप्रैल 2026, द्वितीय बैच 28 से 30 अप्रैल 2026 व तृतीय बैच 01 से 04 मई 2026 को, समय 09:30 से सांय 06:00 बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रस्तरीय कार्य है, जिसकी सफलता प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में आधारभूत भूमिका निभाते हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि कोई इस प्रकार कार्य करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जायेगी। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी विकास कश्यप, एसडीएम अरूण दीक्षित, डीआईओ योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में पुलिस अधिकारियों की सक्रियता शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनपद में आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में आज पुलिस उपायुक्त नगर/ट्रांस हिंडन/मुख्यालय श्री धवल जायसवाल द्वारा अपने कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायत लेकर आए नागरिकों से संवाद किया गया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।


वहीं, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

उन्होंने भी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा पारदर्शिता के साथ शीघ्र निस्तारण किया जाए।

पुलिस प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो तथा उन्हें त्वरित न्याय मिल सके।

जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर गाजियाबाद पुलिस का बड़ा एक्शन, 2 घंटे में 357 लोग हिरासत में





**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों, शराब ठेकों के आसपास एवं सड़कों पर खुलेआम शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस आयुक्त के निर्देश पर 23 अप्रैल 2026 को शाम 7:00 बजे से 9:00 बजे तक सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुल 213 स्थानों पर व्यापक चेकिंग की गई, जिसमें 3198 व्यक्तियों को जांचा गया। इनमें से 357 लोग ऐसे पाए गए, जो सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए राहगीरों के लिए असुविधा का कारण बन रहे थे। इन सभी को हिरासत में लेकर थानों में लाया गया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस द्वारा इन व्यक्तियों के विरुद्ध 34 पुलिस एक्ट तथा 170/126/135 बीएनएसएस के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई। साथ ही, कुछ लोगों को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया। नगर जोन में 66 स्थानों पर 1263 व्यक्तियों की जांच की गई, जिसमें 171 को हिरासत में लिया गया। ट्रांस हिंडन जोन में 51 स्थानों पर 884 लोगों की जांच कर 153 को पकड़ा गया, जबकि ग्रामीण जोन में 96 स्थानों पर 1051 व्यक्तियों की जांच के दौरान 33 को हिरासत में लिया गया। पूरे अभियान में सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों की सक्रिय भागीदारी रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण मिल सके।

# प्राक्कलन समिति की सख्ती: विकास कार्यों में पारदर्शिता और समय सीमा पर जोर

## सभापति मुकेश चौधरी ने विभागों को समयबद्ध, पारदर्शी और गड्ढामुक्त विकास कार्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

● सड़क, सफाई, बिजली, जलनिकासी और बस संचालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश अठारहवीं विधानसभा की प्राक्कलन समिति ( वर्ष 2025-26 ) की प्रथम उपसमिति की महत्वपूर्ण बैठक सभापति मुकेश चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, बजटीय प्रावधानों और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति के सदस्य लक्ष्मी राज सिंह, वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस', शाहिद मंजूर, विधायक मोदीनगर डॉ. मंजू सिवाच सहित समिति से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विधायक सदर संजीव शर्मा, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त केशव कुमार चौधरी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, यातायात पुलिस उपायुक्त त्रिगुण बिशेन, जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा, कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित विक्रम सहित अनेक विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान पंचायती राज, नगर विकास, ऊर्जा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवहन, राजस्व, सिंचाई, आवास एवं शहरी नियोजन, ग्राम्य विकास, शिक्षा, खाद्य एवं रसद, लोक निर्माण, समाज कल्याण, पर्यटन तथा अन्य विभागों की योजनाओं एवं बजट प्रावधानों की क्रमवार समीक्षा की गई।

सभापति मुकेश चौधरी ने निर्माण विभागों को निर्देशित किया कि सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों को अतिक्रमण मुक्त, सुरक्षित और गड्ढामुक्त रखा जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। नगर विकास, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, जल निगम, नगर निगम एवं आवास विकास की समीक्षा करते हुए उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, कूड़ा निस्तारण प्रणाली को प्रभावी बनाने, जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान करने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक मशीनों के उपयोग और सीवेज शोधन संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व जनप्रतिनिधियों को पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने तथा जनसमस्याओं के समाधान में समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। सभापति ने जिला पंचायती राज अधिकारी जाहिद हुसैन को ग्राम पंचायतों में संचालित पुस्तकालयों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों के विपणन को बढ़ावा देने के लिए नगर पंचायतों और नगर निगम क्षेत्रों के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर दुकानें स्थापित कराने की भी बात कही गई, जिससे महिलाओं की आय में वृद्धि हो सके।

बैठक में विधायक मोदीनगर डॉ. मंजू सिवाच ने ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन बंद होने, बिजली कटौती, किसानों को अनाज विक्रय में आ रही समस्याओं तथा शराब के ठेकों पर अराजक तत्वों के उत्पात का मुद्दा उठाया। समिति ने संबंधित विभागों को तत्काल बस संचालन शुरू करने और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। साथ ही स्मार्ट मीटरों को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया कि आगामी आदेश तक नए स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं तथा पहले से लगे मीटरों के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न हो। आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि शराब के ठेकों पर कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। वहीं विधायक सदर संजीव शर्मा ने जल निगम द्वारा निर्मित पानी की टंकियों के हैंडओवर में देरी और गंदे पानी की सप्लाई की गंभीर समस्या समिति के समक्ष रखी। इस पर सभापति ने जिलाधिकारी को एक समिति गठित कर एक माह के भीतर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभापति मुकेश चौधरी ने स्पष्ट कहा कि कोई भी निर्माण कार्य पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा कराया जाए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता बताई, ताकि आमजन अधिक से अधिक योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने समिति को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा और प्रगति से समिति को अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने बैठक के सफल आयोजन हेतु समिति के सदस्यों एवं सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। विकास योजनाओं की गहन समीक्षा, जनसमस्याओं के समाधान और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित यह बैठक जनहित में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। समिति द्वारा दिए गए निदेर्शों से विकास कार्यों में गति आने तथा आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

# गाजियाबाद के दो पीएलवीएस को मिला 'बेस्ट पीएलवी अवार्ड'

## पैरालीगल वॉलंटियर्स समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में निभाते हैं अहम भूमिका: संजय सिंह



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलंदशहर द्वारा आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में गाजियाबाद जनपद के पैरालीगल वॉलंटियर्स दुर्गेश शर्मा एवं तुषार शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट पीएलवी अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान माननीय जिला जज बुलन्दशहर संजय सिंह प्रथम एवं विकास चौधरी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलंदशहर द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती नेहा बनौधिया, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर श्रीमती नेहा बनौधिया ने दोनों पीएलवीएस के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे भी इसी प्रकार निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

माननीय जिला जज ने भी सभी पीएलवीएस को संबोधित करते हुए कहा कि पैरालीगल वॉलंटियर्स न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधिक एवं सामाजिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई, जिससे प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मनजीत अंकित त्यागी लक्ष्मी माया चौहान ममता शिवम ज्योति गुप्ता आदि का संयोग रहा।

# गाजियाबाद में राष्ट्रीय संगोष्ठी, समरस समाज के निर्माण में गोरक्षपीठ की भूमिका पर मंथन



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाज में समरसता, समानता और सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'सामाजिक समरसता में गोरक्षपीठ, गोरखपुर की भूमिका' विषय पर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन 22 अप्रैल 2026, बुधवार को प्रातः 11 बजे हिंदी भवन, गजप्रस्थ, गाजियाबाद में किया गया। इस आयोजन ने सामाजिक चेतना और वैचारिक संवाद को एक नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में मानवमंदिर मिशन के पूज्य अरुण योगी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'समरसता केवल एक सामाजिक विचार नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह पद्धति है, जो व्यक्ति को समाज से और समाज को राष्ट्र से जोड़ती है।' उन्होंने गोरक्षपीठ की परंपरा को जनकल्याण और सामाजिक एकता का प्रेरणास्त्रोत बताया।

जीवन दीप आश्रम से पधारे पूज्य स्वामी पद्मानंद गिरी जी महाराज ने अपने सानिध्य में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 'सनातन धर्म की मूल आत्मा समरसता में ही निहित है, जहां भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना सर्वोपरि है।' उन्होंने गोरक्षपीठ द्वारा समाज में समानता के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।



अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश खांडेकर ने कहा कि 'गोरक्षपीठ ने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर समरसता का संदेश दिया है। आज आवश्यकता है कि हम इस विरासत को आगे बढ़ाएं और समाज में एकता को सुदृढ़ करें।' वहीं वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 'समरसता का विषय केवल धार्मिक या सामाजिक विमर्श तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। मीडिया और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि ऐसे सकारात्मक प्रयासों को व्यापक मंच मिले।' ब्लॉसम इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह संगोष्ठी राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की प्रेरणा से संचालित श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रही। इससे पूर्व प्रयागराज, लखनऊ, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ और अंबेडकर नगर में इस विषय पर सफल संगोष्ठियाँ आयोजित की जा चुकी हैं, और गाजियाबाद में आयोजित यह कार्यक्रम उसी श्रृंखला की सशक्त कड़ी बना। संगोष्ठी में जिन प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा हुई, उनमें गोरक्षपीठ का गौरवशाली इतिहास और समरसता के लिए किए गए ऐतिहासिक प्रयास, गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री की समावेशी नीतियाँ, सनातन परंपरा में समरसता का दार्शनिक आधार, तथा एक विकसित समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में समरसता की अनिवार्यता शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं ब्लॉसम इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक शशिप्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों, विद्वानों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'इस प्रकार के विमर्श समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह संगोष्ठी सामाजिक समरसता के विचार को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में स्थापित हुई।

# अक्षय तृतीया पर 1000 लोगों को गन्ने का रस व खाद्य सामग्री वितरित

**प्रतीक भार्गव**









**गाजियाबाद।** पावन पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर समाज सेवा की भावना के तहत गन्ने का रस, बिस्किट और ब्रेड पकौड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 1000 लोगों को ताजा गन्ने का रस पिलाया गया तथा जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।

इस आयोजन में भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम, रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर तथा रहम फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान करीब 250 ब्रेड पकौड़े और 1000 बिस्किट वितरित किए गए। आयोजकों के अनुसार इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य समाज के निम्न वर्ग के लोगों को सहयोग प्रदान करना तथा समाज में सेवा और परोपकार की भावना को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार भार्गव (अध्यक्ष एवं संस्थापक, रहम फाउंडेशन), श्रीमती मनीषा भार्गव (कोषाध्यक्ष, रहम फाउंडेशन एवं सदस्य, रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर), डॉ. प्रीति नंदी (रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफरन), श्रीमती कोमल भार्गव (सचिव, रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफरन) तथा आरटीएन संजय जैन (रोटरी क्लब गाजियाबाद मेट्रो) की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

आयोजकों ने बताया कि रहम फाउंडेशन और रोटरी क्लब इंदिरापुरम गैलोर द्वारा प्रत्येक वर्ष 10 से 15 ऐसे सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

यह कार्यक्रम भी उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके माध्यम से समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक निरंतर सहायता पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था ने भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## आरएचएएम फाउंडेशन, IRCTC और 12 रोटरी क्लबों ने संयुक्त सहयोग से टीबी स्क्रीनिंग के लिए एम्बुलेंस स्वास्थ्य विभाग को सौंपी



**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरएचएएम फाउंडेशन, IRCTC और 12 रोटरी क्लबों के संयुक्त सहयोग से टीबी स्क्रीनिंग के लिए एक एम्बुलेंस को पूरी तरह कार्यशील बनाकर स्वास्थ्य विभाग को सौंपा गया।

करीब 40 हजार रुपये की लागत से एम्बुलेंस को मरम्मत कर पूरी तरह तैयार किया गया है, ताकि इसका उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में पोर्टेबल एक्स-रे आधारित टीबी स्क्रीनिंग शिविरों के संचालन में किया जा सके। इस परियोजना में उपयोग की जा रही पोर्टेबल एक्स-रे मशीन रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

तैयार की गई एम्बुलेंस को मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद अमित विक्रम को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग कार्यालय के अधिकारी दीपाली गुप्ता और राघवेंद्र चौहान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन की ओर से डॉ. धीरज के. भार्गव और विक्रम सिंह उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल टीबी स्क्रीनिंग शिविरों के माध्यम से क्षय रोग की जल्द पहचान को बढ़ावा देना है। योजना के तहत हर वर्ष 200 से अधिक टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनसे लगभग 30 हजार लोगों को लाभ मिलने की संभावना है।

इस परियोजना में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, गाजियाबाद सैफ्रन, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, दिल्ली प्रीत विहार, दिल्ली लेगेसी, गाजियाबाद ग्रीन, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट, हापुड़ प्लेटिनम और गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट सहित विभिन्न रोटरी क्लबों ने सहयोग दिया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में टीबी की समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

## गौसेवा की दिशा में एक और पहल: हरा चारा वितरण का 34वां सेवा प्रोजेक्ट संपन्न





**मनीषा भार्गव**







**गाजियाबाद।** गौसेवा और पशु संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रहम फाउंडेशन एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में भारत गौशाला में हरा चारा वितरण का 34वां सेवा प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में 12 रोटरी क्लबों ने मिलकर गौमाता और बैलों के लिए हरे चारे का वितरण किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई रोटरी क्लबों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनमें रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम शामिल रहे।

इस सेवा प्रोजेक्ट के माध्यम से गौशाला में रह रही गौमाताओं और बैलों के लिए हरे चारे की व्यवस्था की गई। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम पशु सेवा के साथ-साथ समाज में करुणा, सह-अस्तित्व और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी फैलाते हैं। कार्यक्रम में श्वेता अग्रवाल (रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन), संदीप अग्रवाल (अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन) तथा प्रतीक भार्गव (आगामी अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.